Bareilly, Sunday,
17 March 2019
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City.- ₹ 2/-
Outside Bareilly City.- ₹ 3/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 04 : BOTTOM MIDDLE

'टेकव्योम 2019' में रोबोटिक्स और रोबोवार के जरिए दिखाया टैलेंट

एक हजार स्टूडेंट्स हुए शामिल चेन रिएक्शन, हाईड्रिक्स, प्रोज एंड पोइट्री, कैटापुल्ट, वर्ड वॉर आदि के कॉम्पटीशन हुए

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (16 March): श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में सैटरडे को टायरो क्लब की तरफ से 'टेकव्योम-2019' का आयोजन हुआ. राममूर्ति शतिक प्रेक्षागृह में शुभारम्भ संस्था के चेयरमैन देवमूर्ति एवं मुख्य अतिथि एनईआर इज्जतनगर डीआरएम डीके सिंह ने दीप जलाकर किया. इसमें महाविद्यालयों के 1000 स्टूडेंट्स ने भाग लिया, जिसमें इंवर्टिस विश्वविद्यालय, आरबीसीईटी एवं जीएल बजाज आदि मुख्य रहे. इस दौरान पॉपकार्न प्ले ने सबका मन मोह लिया. मोहम्मद अरीब कुरैशी और अर्पिता भारद्वाज ने टेक्नालॉजी पर अपने विचार रखे.

प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते स्टूडेंट्स.

तकनीक को समय की जरूरत बताया

कार्यक्रम की थीम का अनावरण तकनीकी के फ्यूजन से किया गया. छात्राओं ने डांस ने सबका मन मोह लिया. संस्था के चेयरमेन ने कहा कि इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी ज्ञान के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है. चीफ गेस्ट डीके सिंह ने संघर्ष से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी. टायरो क्लब की प्रेसीडेन्ट तरुषी श्रीवास्तव ने कहा कि तकनीकी समय की जरूरत बन चुकी है. बताया कि इस वर्ष तकनीकी महोत्सव में एक लाख रुपए पुरस्कार राशि रखी गई है.

विजेताओं को मिला पुरस्कार

विभिन्न तकनीकी प्रतियोगिताओं जैसे रोबो वार, रोबो रेस, चेन रियेक्शन, हाईड्रेक्स, बेव डेवलेपमेन्ट, विद्युत उत्पादन, प्रोज एंड पोइट्री, कैटापुल्ट, वर्ड बॉर, सॉफ्टवेयर कंट्रीवर, बगहिट, केस स्टडी, टीम बिल्डिंग, पाइरेट्स ऑफकरेबियन तथा एन्ड्राइड डेवलेंपमेन्ट आदि के द्वारा स्टूडेंट्स ने अपना टैलेंट दिखाया. इसमें विजेताओं को पुरस्कार भी दिया गया. आदित्य मूर्ति, सुरेश सुन्दरानी, डॉ. निर्मल यादव, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता और अनुज कुमार आदि रहे.

कार्यक्रम का इनॉग्रेशन करते देवमूर्ति व अन्य.

सॉफ्टवेयर कंट्रीवर, बगहिट, टीम बिल्डिंग, एन्ड्रॉइड डेवलेंपमेन्ट में स्टूडेंट्स ने किया पार्टिसिपेट